Seat No. : _______________

# NL-103-H

**December-2015**

## B.Com., Sem.-III

## Core Elective-202 : Adv. Accounting & Auditing

## (Corporate Accounting)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. यशवी लिमिटेड की ता. 31-12-2014 की बैलेंसशीट निम्नानुसार रही : **14**

| देनदारियाँ | ₹ | परिसम्पत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| 3,700 इक्विटी शेयर, प्रति शेयर ₹ 100 का पूर्ण भरपाई किया | 3,70,000 | ख्याति | 55,500 |
| 1,850, 12% का प्रेफ. शेयर प्रत्येक ₹ 100 का पूर्ण भरपाई किया । | 1,85,000 | भूमि-मकान | 1,29,500 |
| | | मशीनरी | 1,85,000 |
| जामीनगीरी प्रीमियम | 55,500 | निवेश : | |
| लाभ-हानि खाता (2014 का 50% कराधान के बाद नफा) | 1,11,000 | 10% के प्रोविडंट फंड के निवेश (दार्शनिक कीमत ₹ 1,48,000) | 1,11,000 |
| 10% के ऋणपत्र | 1,85,000 | | |
| प्रोविडन्ट फंड | 55,500 | पार्थ लि. का 12% का ऋणपत्र (दार्शनिक कीमत ₹ 92,500) | 74,000 |
| लेनदार | 74,000 | | |
| अन्य देनदारियाँ तथा प्रावधान | 2,59,000 | अंतिम स्टॉक | 1,48,000 |
| | | देनदार | 1,66,500 |
| | | रोकड़-बैंक सिलक | 1,38,750 |
| | | पहले से चुकाया गया खर्च | 2,86,750 |
| | **12,95,000** | | **12,95,000** |

निम्न विवरण के आधार पर अधिक लाभ की तीन गुनी ख्याति गणना कीजिए :

(i) भूमि-मकान की बाजार कीमत, पुस्त कीमत से 50% अधिक थी । जबकि मशीन-यंत्र की पुस्त कीमत बाजार से 25% अधिक है ।

(ii) अपेक्षित रिटर्न की दर 8% थी ।

(iii) कम्पनी को 50% कराधान पूर्व लाभ, विगत तीन वर्षों से ₹ 27,750 के हिसाब से बढ़ रहा है ।

**अथवा**

1. रेवा लि. की ता. 31-3-2014 की बेलेंसशीट निम्नानुसार है : **14**

| देनदारियाँ | ₹ | परिसम्पत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| इक्विटी शेयर्स प्रत्येक ₹ 10 का पूर्ण भरपाई किया । | 4,12,500 | ख्याति | 66,000 |
| 10% के प्रेफ. शेयर्स प्रत्येक ₹ 100 का पूर्ण भरपाई । | 8,25,000 | भूमि-मकान | 8,25,000 |
| सामान्य अनामत | 4,12,500 | प्लान्ट तथा यंत्र | 8,25,000 |
| 10% के ऋणपत्र | 4,95,000 | 12% की करमुक्त सरकारी प्रतिभूतियाँ | |
| | | (मू.की. ₹ 1,65,000) | 99,000 |
| लेनदार | 1,65,000 | स्टॉक | 3,30,000 |
| देय हुंडी | 82,500 | देनदार | 1,32,000 |
| कर्मचारी लाभांश फंड | 82,500 | प्राप्य हुंडी | 1,15,500 |
| प्लान्ट तथा यंत्रों का घसारा फंड | 1,65,000 | रोकड़ तथा बैंक सिलक | 2,01,300 |
| | | प्राथमिक खर्चे | 46,200 |
| | **26,40,000** | | **26,40,000** |

**अतिरिक्त विवरण :**

(1) भूमि-मकान की बाजार कीमत पुस्त कीमत से 20% अधिक है । जबकि प्लान्ट तथा यंत्रों की बाजार कीमत पुस्त कीमत से 20% कम है ।

(2) 20% स्टॉक की बाजार कीमत पुस्त कीमत से 20% अधिक है ।

(3) जोखिम बिना रिटर्न की दर (ब्याज) 12% है । जबकि व्यवसाय में रहे जोखिम का अनुमानित रिटर्न 3% है ।

(4) विगत तीन वर्षों से कर के बाद शुद्ध लाभ (50% के हिसाब से) क्रमशः ₹ 1,65,000; ₹ 4,95,000 तथा ₹ 3,30,000 रहा है ।

अधिक लाभ की तीन गुनी कीमत पर कंपनी की ख्याति की कीमत ज्ञात कीजिए ।

2. नेहाली लि. की ता. 31-12-2014 की बैलेंस शीट निम्नानुसार है : **14**

| देनदारियाँ | ₹ | परिसम्पत्तियाँ | | ₹ |
|---|---|---|---|---|
| 10% क्युम्युलेटिव प्रेफ. शेयर पूँजी | 10,50,000 | ख्याति | | 2,87,000 |
| इक्विटी शेयर पूँजी ₹ 10 का एक शेयर | 17,50,000 | स्थायी मिलकत | | 32,81,250 |
| इक्विटी शेयर पूँजी ₹ 5 का एक शेयर | 8,75,000 | निवेश | | 5,25,000 |
| अनामत तथा आधिक्य | 15,75,000 | **चालु मिलकत** : | | |
| 15% के ऋणपत्र | 14,00,000 | स्टॉक | 10,50,000 | |
| प्रोविडन्ट फंड | 2,62,500 | देनदार | 15,75,000 | |
| लेनदार | 4,37,500 | रोकड़ सिलक | 5,25,000 | 31,50,000 |
| | | प्राथमिक खर्चे | | 1,06,750 |
| | **73,50,000** | | | **73,50,000** |

(1) इस प्रकार के व्यावसाय में अपेक्षित रिटर्न की दर 15% ली जाती है ।

(2) 50% कराधान के बाद विगत तीन वर्षों का औसत लाभ ₹ 11,28,750 ।

(3) ख्याति की कीमत, पुस्त कीमत तथा अधिक लाभ के चार वर्ष की खरीदी के आधार पर ली गई ख्याति की कीमत का औसत निकालना है ।

(4) स्थायी संपत्तियों की वर्तमान कीमत पुस्त-कीमत से 20% अधिक है ।

(5) निवेशों का 60% अव्यावसायिक है और शेष व्यावसायिक निवेश है । सभी व्यावसायिक निवेशों की कीमत पुस्त कीमत से 25% अधिक है । सभी निवेशों पर डिविडन्ड दर एकसमान 15% वार्षिक है । जो करपात्र है ।

(6) ₹ 2,36,250 सामान्य अनामत खाते लिया जाना है ।

उपरोक्त विवरण के आधार पर दोनों तरह के इक्विटी शेयरों की उचित कीमत ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

2. (A) दि काजल लि. की निम्नलिखित जानकारी के आधार पर उनके इक्विटी शेयरों की उचित कीमत ज्ञात कीजिए : **7**

(1) शुद्ध परिसंपत्ति ₹ 5,00,000.

(2) 50% के हिसाब से कर को घटाने के पहले का औसत लाभ ₹ 2,80,000.

(3) उपरोक्त औसत लाभ में अव्यावसायिक निवेशों पर प्राप्त हुआ ₹ 40,000 का ब्याज भी शामिल है ।

(4) अनुमानित रिटर्न का सामान्य दर 20% है ।

(5) कम्पनी की इक्विटी शेयर पूँजी उसकी 10% की प्रेफरेंस शेयर पूँजी की तुलना में दुगुनी है ।

(6) इक्विटी शेयर की दार्शनिक कीमत ₹ 10 है ।

(7) इक्विटी शेयर की आंतरिक कीमत ₹ 12.50 है ।

(B) अवास्तविक सम्पति क्या हैं ? शेयर के आंतरिक मूल्य की गणना में इसे ध्यान में क्यों नहीं लिया जाता है ? **4**

(C) निम्न जानकारी से शेयर का आंतरिक मूल्य ज्ञात कीजिए : **3**

(i) शेयर का उचित मूल्य ₹ 125.

(ii) सामान्य अपेक्षित रिटर्न की दर 10% है ।

(iii) लाभांश की औसत दर 14% है ।

(iv) इक्विटी शेयर प्रत्येक ₹ 100 का, जिस पर प्रति शेयर ₹ 80 भरपाई किया है ।

3. दि आल्फा बैंक लि. की ता. 31-3-2014 की निम्न शेष से लाभ-हानि खाता (फार्म 'B') तथा परिशिष्ट 13 से 16 तैयार कीजिए । **14**

| | विवरण | ₹ |
|---|---|---|
| 1. | डायरेक्टर की फीस | 84,500 |
| 2. | बचत खाता पर ब्याज | 1,56,000 |
| 3. | शेयर पूँजी | 50,00,000 |
| 4. | कानूनी खर्च | 45,500 |
| 5. | केश क्रेडिट पर ब्याज | 3,25,000 |
| 6. | प्रशासनिक खर्चे | 1,17,000 |
| 7. | फुटकर खर्चे | 29,900 |
| 8. | हुंडी पर अर्जित ब्याज | 84,500 |
| 9. | निवेशों पर प्राप्त ब्याज | 88,400 |
| 10. | रसीदी टिकटें | 2,600 |
| 11. | निवेश बिक्री से लाभ | 26,000 |
| 12. | स्टेशनरी व प्रिन्टींग | 3,900 |
| 13. | सम्पत्तियों का घसारा | 4,29,000 |
| 14. | फुटकर आमदनी | 23,400 |
| 15. | भुगतान किया किराया तथा कर | 35,100 |
| 16. | सेफ डिपाजिट वॉल्ट का किराया | 41,600 |
| 17. | वेतन तथा भत्ते | 2,34,000 |
| 18. | कमीशन और विनिमय | 97,500 |
| 19. | लाभ-हानि खाते से जमा शेष (1-4-2013) | 6,50,000 |
| 20. | भुनाई गई हुंडी का रिटर्न (1-4-2013) | 15,600 |
| 21. | चालु खाते का ब्याज | 19,500 |
| 22. | ओवरड्राफ्ट पर ब्याज | 5,20,000 |
| 23. | सम्पतियों का मरम्मत खर्च | 58,500 |
| 24. | ऋण पर ब्याज | 19,50,000 |
| 25. | ऑडिट शुल्क | 78,000 |
| 26. | बंधी समयावधि की जमा पूँजी पर ब्याज | 4,03,000 |

**अतिरिक्त विवरण** :

(i) नियमानुसार कानूनी अनामत का प्रावधान किया जाना है ।

(ii) ता. 31-3-2014 को भुनाई गई हुंडी के रिटर्न का शेष ₹ 19,500 है ।

(iii) अशोध्य अनामतों हेतु ₹ 2,86,000 का प्रावधान कीजिए और शुद्ध लाभ का 50% के हिसाब से कराधान का प्रावधान किया जाना है ।

**अथवा**

3. (A) दि प्रोग्रेसिव्ह बैंक लि. की बही में ता. 31-12-2014 को ट्रायल बेलेंस से नीचे के कितने शेष रहे : **7**

| | ₹ |
|---|---|
| भुनाई गई हुंडी | 14,70,000 |
| भुनाई गई हुँडियों पर रिटर्न (31-12-2013) | 21,000 |
| प्राप्त कमीशन और ब्याज | 1,12,500 |
| अशोध्य ऋण | 15,000 |

भुनाई गई हुँडियों की परिपक्वता की तिथियाँ नीचे दिए अनुसार हैं :

| **परिपक्वता तिथि** | **बट्टे की दर** | **हुँडी की रकम** ₹ |
|---|---|---|
| 6-3-2015 | 5% | 5,47,500 |
| 14-3-2015 | 4.5% | 3,75,000 |
| 26-3-2015 | 6% | 2,19,000 |
| 10-4-2015 | 7% | 3,28,500 |

इस संबंध से जरूरी जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिए ।

(B) नीचे दी गई जानकारियों के आधार पर दीनानाथ बैंक लि. का 31-3-2015 को पूर्ण होते वर्ष के लिए बैंकिंग अधिनियम के अनुसार परिशिष्ट-11 अन्य सम्पतियाँ तैयार कीजिए : **4**

| | ₹ |
|---|---|
| फर्नीचर एवं फिक्सचर | 45,000 |
| चाँदी | 9,000 |
| अग्रिम कर का भुगतान | 31,500 |
| उपार्जित ब्याज | 27,000 |
| स्टेशनरी तथा स्टेम्प का स्टॉक | 22,500 |
| दावे के अनुसार प्राप्त गैर-बैंकिंग सम्पत्ति | 8,10,000 |
| मकान | 45,00,000 |
| अन्तर्कार्यालयीन समायोजन (शुद्ध) | 9,00,000 |

(C) किसी भी **एक** का उत्तर दीजिए : **3**

(i) अलाभकारी आस्तियाँ (NPA)

(ii) आकस्मिक देनदारियाँ

4. पायल लिमि. की ता. 31-12-2014 की बेलेंसशीट निम्नानुसार है : **14**

| देनदारियाँ | ₹ | परिसम्पत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| ₹ 100 का एक ऐसे 4,750 इक्विटी शेयर, प्रति शेयर ₹ 75 भरपाई किया | 3,56,250 | भूमि-मकान | 4,75,000 |
| ₹ 100 का एक ऐसे 6% के 9,500 पूर्ण भरपाई किए प्रेफरेंस शेयर | 9,50,000 | संयंत्र तथा मशीन | 11,87,500 |
| ₹ 100 का एक ऐसे 14,250 इक्विटी शेयर प्रति शेयर ₹ 60 भरपाई किए । | 8,55,000 | पेटेन्ट्स | 1,90,000 |
| 5% के बंधक ऋणपत्र | 4,75,000 | स्टॉक | 2,61,250 |
| भुगतान के लिए बकाया ऋणपत्र का ब्याज | 23,750 | देनदार | 5,22,500 |
| लेनदार | 6,88,750 | रोकड़ | 1,42,500 |
| | | लाभ-हानि खाता | 5,70,000 |
| | **33,48,750** | | **33,48,750** |

लिक्विडेटर को सम्पत्तियों की बिक्री से अर्जित राशि का 3% तथा प्रायिक लेनदारों के सिवाय बिन-प्रतिभूति लेनदारों को चुकाई रकम का 2% के हिसाब से वेतन देना है ।

सम्पत्तियों से निम्नानुसार राशि प्राप्त हुई :

| | ₹ |
|---|---|
| जमीन-मकान | 5,70,000 |
| स्टॉक | 2,85,000 |
| संयंत्र-मशीन | 9,50,000 |
| देनदार | 3,80,000 |
| पेटेन्ट्स | 1,42,500 |

विसर्जन खर्च ₹ 51,775 हुआ । लेनदारों में प्रायिक लेनदार ₹ 71,250 तथा जमीन-मकान की बंधक प्रतिभूति पर ऋण ₹ 2,37,500 का समावेश होता है । प्रेफरेंस शेयर पर विगत दो वर्ष का लाभांश चुकाना बाकी है ।

लिक्विडेटर का अंतिम आवक-जावक पत्रक तैयार कीजिए ।

**अथवा**

4. (A) राघव लिमि. की स्वैच्छिक विसर्जन होने के समय उनकी लेखा बही से देनदारियों के संबंधित निम्न विवरण प्राप्त होता है : **7**

| | | ₹ |
|---|---|---|
| 1. | कम्पनी की कुल देनदारियाँ | 16,75,000 |
| 2. | विगत वर्ष का बकाया म्यु. टेक्स | 14,700 |
| 3. | दो कारकूनों का विगत 5 माह का बाकी वेतन | 2,15,625 |
| 4. | तीन वर्ष पूर्व का बकाया आयकर | 1,95,000 |
| 5. | एकाउन्टेंट का तीन माह का बाकी वेतन | 1,80,000 |
| 6. | 5 कर्मचारियों की मजदूरी का बकाया भुगतान (प्रति कर्मचारी ₹ 15,500) | 77,500 |
| 7. | डायरेक्टर की फीस (भुगतान बाकी) | 19,750 |
| 8. | कर्मचारियों का प्रोविडंड फंड | 2,75,000 |
| 9. | कर्मचारी कल्याण फंड | 40,000 |
| 10. | अन्य फुटकर लेनदार | ? |

लेनदारों का वर्गीकरण कर सम्पूर्ण सुरक्षित, प्रायिक तथा असुरक्षित लेनदारों की गणना कीजिए ।

(B) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (कोई **एक**) **4**

(i) सुरक्षित लेनदार

(ii) लिक्विडेटर का पारिश्रमिक

(C) सोहम लिमिटेड विसर्जित होने पर सम्पत्तियों की बिक्री से ₹ 6,50,000 प्राप्त हुए तथा ₹ 7,30,000 चुकाना बाकी हैं । जिसमें ₹ 25,000 प्रायिक लेनदारों का समावेश है । लिक्विडेटर उसके द्वारा बेची गई सम्पत्ति से प्राप्त रकम का 3% और असुरक्षित लेनदारों को चुकाई रकम का 2% के हिसाब से पारिश्रमिक का हकदार है । लिक्विडेटर के पारिश्रमिक की गणना कीजिए । **3**

5. सही उत्तर चुनकर आवश्यक गणनाएँ दर्शाइए : (कोई **सात**) **14**

(1) निम्न विवरण से औसत लाभ के पूँजीकरण-मानक से ख्याति का मूल्य ज्ञात कीजिए । (पूँजीकृत लाभ-पद्धति से) :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | व्यावसाय का वार्षिक औसत लाभ | 53,760 |
| (ii) | व्यावसाय की कुल परिसम्पत्तियाँ | 15,68,000 |
| (iii) | व्यावसाय की कुल देनदारियाँ | 8,96,000 |
| (iv) | अपेक्षित रिटर्न दर | 6% |

(a) ₹ 2,24,000 (b) ₹ 6,72,000

(c) ₹ 8,96,000 (d) ₹ 94,080

(2) अधिक लाभ की 3 वर्ष की खरीद के अनुरूप नीचे दी गई जानकारी से ख्याति ज्ञात कीजिए । निवेशित पूँजी ₹ 5,50,000 है । अपेक्षित रिटर्न 12% तथा औसत लाभ ₹ 80,000 है ।

(a) ₹ 42,000 (b) ₹ 66,000

(c) ₹ 14,000 (d) ₹ 24,000

(3) इक्विटी शेयर की मूल कीमत ₹ 100 है । आंतरिक कीमत ₹ 228, बाजार कीमत ₹ 220 हो और अपेक्षित कीमत ₹ 225 हो, तब इक्विटी शेयर की उचित कीमत ________ होगी

(a) ₹ 226.50 (b) ₹ 224

(c) ₹ 222.50 (d) ₹ 224.33

(4) कम्पनी शेयर की किस कीमत पर डिविडंड देती है ?

(a) बाजार कीमत (b) मूल कीमत

(c) आंतरिक कीमत (d) उचित कीमत

(5) बेंकिंग रेग्युलेशन एक्ट के अनुसार बेंकों को प्रति वर्ष अपने लाभ से ________ के बराबर रकम रिजर्व फंड खाते में ले जानी होती है ।

(a) 10% (b) 25%

(c) 20% (d) 5%

(6) नीचे दर्शायी गई मिलकतों से कौन सी मिलकत बैंकिंग अधिनियम के अनुरूप बैंक अग्रिमों के वर्गीकरण में शामिल नहीं की जाती हैं ?

(a) स्टेन्डर्ड मिलकत (b) सब-स्टेन्डर्ड मिलकत

(c) बंधक मिलकत (d) खोई मिलकत

(7) ऋणपत्र धारकों को चुकाने के पश्चात् लिक्विडेटर के पास ₹ 2,63,989 की रोकड़ सिलक है । गैर-सुरक्षित लेनदारों को चुकायी जाने वाली रकम पर लिक्विडेटर को 3% पारिश्रमिक दिया जाना है । गैर-सुरक्षित लेनदारों को मिलने वाली रकम कितनी होगी ?

(a) ₹ 7,689 (b) ₹ 2,56,069.33

(c) ₹ 7,919.67 (d) ₹ 2,56,300

(8) लिक्विडेटर कम्पनी को प्राप्त रकम ________ से अधिक होने पर दस दिनों से अधिक समय के लिए नहीं रख सकता है ।

(a) ₹ 100 (b) ₹ 5,000

(c) ₹ 1,000 (d) ₹ 500

(9) यदि कम्पनी स्वैच्छिक विसर्जन करने का प्रस्ताव पारित करे, तो स्वैच्छिक विसर्जन के निर्णय के पश्चात् प्रस्ताव पारित होने के कितने दिनों में नोटिस देना चाहिए ?

(a) 5 दिनों (b) 10 दिनों

(c) 14 दिनों (d) 30 दिनों